Ans. (d) – मेवाड़ के महाराणा स्वरूपसिंह के समय सती होने की अंतिम घटना (1861) का विवरण मिलता है। राजस्थान में सबसे पहले सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय द्वारा किया गया था। ब्रिटिश प्रभाव से राजस्थान में सर्वप्रथम सती प्रथा को बूंदी नरेश राव विष्णु सिंह ने गैर कानूनी घोषित किया।

235. मेवाड़ महाराणा के पगड़ी बाँधने वाला व्यक्ति कहलाता था

(a) पानेरी (b) छड़ीदार
(c) छाबदार (d) जांगड़

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : मेवाड़ महाराणा के पगड़ी बाँधने वाला व्यक्ति छाबदार कहलाता था।

236. 'द्वितीय साका' के समय चित्तौड़गढ़ पर किसने आक्रमण किया था?

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) फिरोज़शाह तुगलक
(c) बहादुर शाह (d) अकबर

कनिष्ठ अभियन्ता सिविल 18.05.2022
RPSC Van Rakshak Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : 'द्वितीय साका' के समय चित्तौड़गढ़ पर बहादुरशाह ने आक्रमण किया था। चित्तौड़ का द्वितीय साका या द्वितीय जौहर जनवरी 1534 ई. में हुआ था। गुजरात के शासक बहादुर शाह ने चित्तौड़ दुर्ग को चारों तरफ से घेर लिया। बहादुरशाह से हार के बाद राजमाता कर्मावती के नेतृत्व में जौहर किया गया।

237. चित्तौड़ के द्वितीय साका में किस रानी ने जौहर किया था?

(a) पद्मिनी (b) करनावती
(c) जसमती (d) जीजा बाई

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

238. चित्तौड़ का तीसरा साका कब हुआ-

(a) 1568 ई. (b) 1569 ई.
(c) 1567 ई. (d) 1570 ई.

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) – चित्तौड़ का तीसरा साका (जौहर) अकबर के आक्रमण के पश्चात् 1567-68 ई. में हुआ था। इसमें सामंत फतेह सिंह की पत्नी फूलकंवर के नेतृत्व में हजारों महिलाओं ने जौहर किया था। भारतीय इतिहास में सिर्फ चित्तौड़गढ़ ही एक ऐसी जगह है जहाँ नारी स्वाभिमान की रक्षा के लिए तीन बार जौहर (साका) हुआ।

- पहला जौहर (साका) 1303 ई. में अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय महारानी पद्मिनी के नेतृत्व में हुआ था।
- दूसरा जाहैर (साका)-1535 में बहादुरशाह के आक्रमण के समय महारानी कर्मावती के नेतृत्व में हुआ था।

239. 'बादशाह ने मेवाड़ के राणा को आपस के समझौते से अधीन किया था, न कि बल से।' ये कथन कहा है-

(a) सर टामस रो (b) कर्नल टॉड
(c) सर जे.एन.सरकार (d) डॉ. बेनी प्रसाद

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (a) – 'बादशाह ने मेवाड़ के राणा को आपस के समझौते से अधीन किया था, न कि बल से।' यह कथन 'सर टामस रो' का है।

240. कथन (A) : ब्रिटिश दबाव के कारण मेवाड़ प्रशासन ने बिजौलिया आन्दोलन से 1922 में समझौता किया।
कारण (R) : बिजौलिया जागीरदार ने 1922 के समझौते की भावना को मानने से इनकार कर दिया।
इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिये तथा निम्नांकित कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए –
कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – मेवाड़ रियासत के प्रथम श्रेणी के ठिकाने बिजौलिया (भीलवाड़ा) में राज्य का प्रथम संगठित कृषक आन्दोलन वस्तुतः 1897 ई. में शुरू हुआ और इसका समापन 44 वर्षों बाद 1941 ई. में हुआ। अशोक परमार द्वारा स्थापित बिजौलिया ठिकाने में तत्कालीन ठाकुर किसन सिंह लगानबंदी की दर बढ़ाकर 50% कर दी साथ ही 1903 में चंबरी लाग (लड़की की शादी के लिए शुल्क) भी 5 रु. लगा दिया। बाद में ठाकुर पृथ्वी सिंह ने तलवार बधाई नामक लगान लगा दी। इसके विरोध में सीताराम दास, फतेहकरण चारण, ब्रह्मदेव ने आंदोलन आरम्भ कर दिया। 1916 ई. में विजय सिंह पथिक भी इससे जुड़ गये। किसानों ने पथिक को महात्मा की पदवी दे दी। गणेश शंकर विद्यार्थी ने समाचार पत्र 'प्रताप' के माध्यम से इसका प्रचार किया।

(c) कछवाहों का इतिहास (आमेर के) (मानसिंह, जय सिंह)/जयपुर

241. कलाओं के प्रोत्साहन के लिए, 1857 ई. में 'महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स' की स्थापना की थी-

(a) सवाई जय सिंह (b) सवाई राम सिंह II ने
(c) सवाई माधो सिंह I ने (d) सवाई प्रताप सिंह ने

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (b) : सवाई राम सिंह II ने 1857 में 'महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स' की स्थापना की थी। 1857 में इसकी स्थापना 'मदरसा-ए-हुनारी' कला संस्थान के नाम से हुई थी। 1886 ई. में इसे 'महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स' के रूप में जाना जाने लगा। वर्तमान में यह स्थान 'राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट' के नाम से जाना जाता है।

242. जयसिंह द्वितीय ने निम्न में से किस जगह वेधशाला नहीं बनवाई?

(a) दिल्ली (b) आगरा
(c) मथुरा (d) उज्जैन

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D